## एक नजर में

### सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में आज से शिवपुराण कथा प्रारंभ

**नीमच।** शहर के विकास नगर 14/4 स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में आज 18 मई सोमवार से सात दिवसीय श्री शिवपुराण कथा का शुभारंभ होगा। कथा का वाचन पं. श्री शंकर जी शास्त्री के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 3:30 बजे से किया जाएगा। आयोजन के प्रथम दिवस आज सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसके बाद देव स्थापना एवं व्यासपीठ पूजन सम्पन्न होगा। कथा के दौरान सात दिनों तक शिव महिमा, शिव विवाह, गणपति जन्म, समुद्र मंथन, भगवानों के अवतारों सहित विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का श्रवण कराया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक खंडेलवाल सम्मानित



**इंदौर.** भाजपा पर आम लोगों का विश्वास निरंतर मजबूत होता जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार हर तरह से व्यापारी बंधुओं एवं वैश्य समाज के लिए भयमुक्त वातावरण और कारोबारी बंधुओं के लिए बिना किसी दबाव के व्यापार करने का पर्यावरण बना रही है. वैश्य समाज के सभी घटकों को जोड़कर भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ पूरी तत्परता एवं सक्रियता से हर छोटे से छोटे कारोबारी बंधु की मदद के लिए हर समय उपलब्ध रहेगा. भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश संयोजक धीरज खंडेलवाल ने मालवांचल चित्तोड़ा समाज के तत्वावधान में आयोजित अपने स्वागत समारोह में उक्त बातें कही. समारोह में अ.भा. चित्तोड़ा महाजन वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र महाजन, मालवांचल चित्तोड़ा समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष गोपाल मेहता, देवास चित्तोड़ा महाजन समाज के अध्यक्ष गिरधर गुप्ता एवं श्रीनागर चित्तोड़ा महाजन समाज पंचमंडल इंदौर के सचिव रमेशचंद महाजन, बृजमोहन गुप्ता, समन्वयक धर्मेन्द्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, गिरीश गुप्ता, घनश्याम गुप्ता आदि ने खंडेलवाल का स्वागत किया और उन्हें समाज की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया.

### गाड़ी चढ़ाने का बोलकर सीए से ऐंठे रुपए

**इंदौर.** शहर में सड़क हादसे का डर दिखाकर ठगी करने वाले गिरोह सक्रिय हैं. ऐसा ही मामला मधुमिलन क्षेत्र में सामने आया, जहां सीए अभिनय नामदेव के साथ दो युवकों ने ठगी की वारदात को अंजाम दिया. जानकारी के अनुसार, सीए अभिनय नामदेव शाम करीब 5 बजे सपना-संगीता क्षेत्र से ऑफिस जा रहे थे. मधुमिलन पहुंचने पर दो युवकों ने उनकी कार रुकवाकर आरोप लगाया कि गाड़ी एक युवक के पैर पर चढ़ गई है. युवक ने खुद को घायल बताते हुए इलाज कराने की गुहार लगाई. सीए युवक को इलाज के लिए ले जाने को तैयार हो गए, लेकिन रास्ते में युवक ने अस्पताल जाने के बजाय इलाज के नाम पर 15 हजार रुपये की मांग शुरू कर दी. उसने कहा कि उसकी मां नगर निगम में काम करती हैं और कम खर्च में इलाज हो जाएगा. जब सीए ने पुलिस स्टेशन चलने और अस्पताल में इलाज कराने की बात कही तो युवक मामला वहीं खत्म करने का दबाव बनाने लगा.

### वीतराग-विज्ञान आध्यात्मिक शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर आज से

**इंदौर.** पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट द्वारा संचालित एवं कुंदकुंद कहान शासन प्रभावना ट्रस्ट, इंदौर के तत्वावधान में आयोजित 58वाँ श्री वीतराग-विज्ञान आध्यात्मिक शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर 17 मई से भव्य रूप में प्रारंभ होने जा रहा है. यह केवल एक शिविर नहीं, बल्कि जिनवाणी के प्रकाश से समाज को आलोकित करने वाला 18 दिवसीय आध्यात्मिक महाअभियान है, जिसमें देशभर से लगभग 2000 से अधिक साधर्मीजन धर्मलाभ लेने हेतु सम्मिलित होंगे. उद्घाटन दिवस पर ही लगभग 1300 साधकों की उपस्थिति संभावित है, जो पूर्ण 18 दिनों तक इस ज्ञानयज्ञ का भाग बनेंगे. इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे बालकों, युवाओं, गृहस्थों, महिलाओं एवं वृद्धजनों – सभी के आध्यात्मिक उत्थान को ध्यान में रखकर अत्यंत सुव्यवस्थित रूप से निर्मित किया गया है.

# 1 किलो 784 ग्राम अवैध अफीम सहित आरोपी गिरफ्तार

▶ नयागांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई, स्विफ्ट कार जब्त




**नीमच. जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चौकी नयागांव थाना जावद पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 1 किलो 784 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम एवं एक मारुति स्विफ्ट कार सहित गिरफ्तार किया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदेश में मुख्यमंत्री एवं डीजीपी के निर्देशानुसार नशे और अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक नीमच श्री राजेश व्यास, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसौदिया तथा एसडीओपी जावद श्री रोहित राठौड़ के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावद निरीक्षक श्री मनोजसिंह जादौन एवं चौकी प्रभारी नयागांव मंगलसिंह राठौड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जावद-नयागांव रोड स्थित ढाबा माता मंदिर पुलिया के पास से एक कार में अवैध अफीम ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर मारुति स्विफ्ट कार क्रमांक ऋछ्-09-ष्टष्ट-3584 को रोका। तलाशी लेने पर कार से 1 किलो 784 ग्राम अवैध अफीम बरामद की गई।

पुलिस ने आरोपी सुरेश मालवीय पिता भगतराम (36 वर्ष), निवासी ग्राम चड़ौली थाना नीमच सिटी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस टीम की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।







## इंदु वेद की प्रथम पुण्यतिथि को वृद्धाश्रम के बुजुर्गो एवं मुखबधिर बच्चों के साथ मनाया

**नीमच।** इंदु वेद की प्रथम पुण्यतिथि पर रेडक्रॉस के तत्वाधान एवं सहयोग से परिवार जन द्वारा उनकी स्मृति में वृद्धा आश्रम के बुजुर्गों और मुखबधिर बच्चों के साथ बनाया वहां पर सभी वृद्ध और बच्चों को भोजन कराया ओर उन्हें फल, बिस्कुट,चॉकलेट आदि वितरित भी किए और उनके साथ बहुत अच्छा समय भी बिताया।

ी इंदु की याद में उनकी बेटी किरण आंचलिया और दामाद पंकज आंचलिया एवं दोनों नाता - नातिन ने कहा कि उनका जाना हमारे लिए बहुत बड़ी शती जिसे कोई पूरा नहीं कर सकता ओर उन्हीं के दिए संस्कार से हम ये सेवा कार्य कर रहे है।

उपस्थित सदस्य -- दामाद पंकज आंचलिया बेटी किरण आंचलिया,अशोक जी आंचलिया,शांता जी आंचलिया,

विद्या कमल वेद ,पिंकी दसेड़ा,कल्पना बडाला,इंदु शर्मा,अनामिका शर्मा , सम्यक दसेड़ा,नैवेद्य ,ऋत्वि, प्रिंस, अरिहा,सिया आदि उपस्थित थे।

# संगठन विस्तार को लेकर महिला कांग्रेस की अहम बैठक सम्पन्न

▶ ,जिला प्रभारी यास्मीन शेरानी पहुंचीं नीमच

**नीमच। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा प्रदेशभर में संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को नीमच के गांधी भवन में महिला कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें महिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।**

बैठक में महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव एवं नीमच-रतलाम जिला प्रभारी यास्मीन शेरानी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यास्मीन शेरानी सुबह नीमच पहुंचीं और महिला पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन चर्चा कर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई।

जिलेभर से आई महिला कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव रखे।यास्मीन शेरानी ने बताया कि वे मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष होने के साथ ही रतलाम नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष और छह बार की पार्षद रह चुकी हैं। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा उन्हें नीमच और मंदसौर जिले का प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश स्तर पर जिला एवं शहर अध्यक्षों की समितियों को पुनर्गठित किया जा रहा है तथा सभी जिलों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई है।

प्रभारी द्वारा सक्रिय महिलाओं की रिपोर्ट और बायोडाटा प्रदेश नेतृत्व को सौंपे जाएंगे, जिसके आधार पर प्रशिक्षण एवं नई जिम्मेदारियां तय की जाएंगी।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को सम्मान दिया है और भविष्य में भी योग्य एवं सक्रिय महिलाओं को आगे बढ़ाने का कार्य जारी रहेगा। नगर निगम और नगर पंचायत चुनावों में महिलाओं को पर्याप्त अवसर मिले, इसके लिए भी रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश नेतृत्व को भेजी जाएगी।

शेरानी ने बताया कि महिला कांग्रेस का सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सक्रिय एवं मजबूत महिला कार्यकर्ताओं की पहचान कर उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाएंगी। बैठक को संगठन विस्तार और आगामी राजनीतिक गतिविधियों की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# आस्था की राह में अटका विकास

▶ जलेश्वर महादेव सड़क निर्माण बना 'ढाक के तीन पात



**जीरन ,हरवार।** विधानसभा क्षेत्र नीमच की ग्राम पंचायत हरवार के अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध प्राकृतिक तीर्थ स्थल जलेश्वर महादेव तक पहुंचने वाली सड़क का निर्माण कार्य इन दिनों 'न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी' वाली कहावत को चरितार्थ करता नजर आ रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शुरू किया गया सड़क निर्माण आज भी अधूरा पड़ा है और जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर 'पल्ला झाड़ते' दिखाई दे रहे हैं। हरवार से जलेश्वर महादेव मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य शुरू तो हुआ, लेकिन अभी तक आधे रास्ते में ही दम तोड़ता नजर आ रहा है। हरवार से लगभग एक किलोमीटर तक तालाब किनारे सड़क का डामरीकरण किया गया है तथा पुलिया निर्माण भी अंतिम चरण में पहुंच चुका है। लेकिन तालाब के आगे सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है।

सूत्रों की मानें तो आगे का क्षेत्र वन विभाग की भूमि में आता है और वन विभाग तथा राजस्व विभाग के बीच तालमेल की कमी के कारण मामला 'फाइलों में धूल फांक' रहा है। नतीजा यह है कि ठेकेदार भी असमंजस में है कि आखिर काम आगे बढ़ाए तो कैसे बढ़ाए।

उल्लेखनीय है कि जलेश्वर महादेव क्षेत्र का एक प्रसिद्ध प्राकृतिक धार्मिक स्थल है, जहां सालभर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन अधूरी सड़क के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में यह मार्ग और भी बदहाल हो जाता है, जिससे स्थिति 'आसमान से गिरे, खजूर में अटके' जैसी बन जाती है।

हैरानी की बात यह है कि सड़क निर्माण को लेकर न तो जनप्रतिनिधि गंभीर नजर आ रहे हैं और न ही जलेश्वर महादेव सेवा समिति कोई विशेष रुचि दिखा रही है। जबकि डेढ़ माह बाद मानसून शुरू होने वाला है और यदि समय रहते कार्य पूरा नहीं हुआ तो फिर आगामी 4 से 6 महीनों तक सड़क निर्माण की उम्मीद करना 'ऊंट के मुंह में जीरा' साबित होगा।

सावन-भादो के दौरान जलेश्वर महादेव में हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में जिला प्रशासन के सामने यह बड़ी चुनौती बन सकती है। क्षेत्रवासियों ने जिला कलेक्टर नीमच से मांग की है कि वे तत्काल हस्तक्षेप कर संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करवाएं, ताकि आस्था की इस राह में विकास का पहिया फिर से दौड़ सके।

# सांगारानी माता जंगल क्षेत्र में भीषण आग से अफरा-तफरी

**नीमच।** नीमच जिले के जाट क्षेत्र की श्रीपुरा पंचायत अंतर्गत गांव कुतली के समीप स्थित अति प्राचीन सांगारानी माता मंदिर के आसपास रविवार सुबह जंगल में अचानक भीषण आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

आग मंदिर परिसर के नजदीक तेजी से फैलने लगी,जिससे वहां मौजूद श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया। रविवार होने के कारण मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी तथा बड़ी संख्या में वाहन भी खड़े हुए थे। ऐसे में समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग तेज हवा के चलते लगातार फैलती जा रही थी। यह क्षेत्र सागवान के पेड़ों और सूखे जंगलों के लिए प्रसिद्ध माना जाता है, जिसके कारण आग ने तेजी से विकराल रूप लेना शुरू कर दिया। प्रारंभिक स्थिति में वन विभाग से केवल एक चौकीदार मौके पर पहुंचा था, जबकि आग की गंभीरता को देखते हुए रतनगढ़ से फायर ब्रिगेड को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, वन विभाग एवं फायर ब्रिगेड की टीम सक्रिय हुई। वन अमले और स्थानीय प्रशासन ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभालते हुए आग को आगे बढ़ने से रोका। काफी मशक्कत के बाद आग पर पूर्ण रूप से काबू पा लिया गया। प्रशासन की तत्परता के चलते मंदिर परिसर और आसपास मौजूद श्रद्धालु सुरक्षित रहे तथा किसी जनहानि की सूचना नहीं मिली।वन मंडल अधिकारी कार्यालय,नीमच द्वारा मिली जान कारी के अनुसार सांगारानी माता जी के जंगल क्षेत्र में लगी आग पर जिला प्रशासन की टीम एवं वन अमले ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्ण रूप से नियंत्रण पा लिया।प्रारंभिक आकलन में वन संपदा को किसी बड़ी क्षति की जानकारी नहीं मिली है।

# भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में संगठनात्मक मजबूती पर मंथन,पहले दिन हुए सात सत्र



**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन शनिवार को होटल देव रेजिडेंसी में सात महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी की रीति-नीति, संगठनात्मक कार्यपद्धति, वैचारिक अधिष्ठान एवं बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने के विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा ध्वज वंदन से हुई। इसके बाद अतिथियों ने प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन किया। उद्घाटन सत्र में भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। वर्ग गीत कार्यालय मंत्री विनोद नागदा ने तथा वंदे मातरम् का गायन श्रीमती हेमलता धाकड़ ने किया।प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, सांसद सुधीर गुप्ता, जिला प्रभारी सुभाष पटेल, विधायक दिलीप सिंह परिहार,विधायक ओमप्रकाश सकलेचा,विधायक अनिरुद्ध माधव मारु,जिला प्रशिक्षण प्रभारी हरिराम शाह,नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा, वर्ग प्रभारी नरेंद्र मालवीय एवं सह प्रभारी राकेश 'पप्पू' जैन सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। संचालन राकेश 'पप्पू' जैन ने किया।जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल ने प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कार्यकर्ताओं को सतत प्रशिक्षण और संगठनात्मक सक्रियता का संदेश दिया। प्रथम सत्र में सांसद सुधीर गुप्ता ने संगठन की मजबूती, देश के समक्ष चुनौतियों एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में विधायक दिलीप सिंह परिहार ने कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व विकास एवं जनसंपर्क की भूमिका पर अपने विचार रखे।तृतीय सत्र में पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ ने भाजपा की विचारधारा पर मार्गदर्शन दिया। चतुर्थ सत्र में विजय अटवाल ने कार्य विस्तार योजना पर चर्चा की। पंचम सत्र में मदनलाल राठौर ने एकात्म मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं पंच निष्ठाओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। छठे सत्र में विधायक आशीष शर्मा ने बूथ प्रबंधन, मन की बात एवं आईटी सोशल मीडिया की भूमिका पर जानकारी दी।




## अग्रसेन चौराहे पर किया ठंडाई का वितरण

**इंदौर.** वर्ल्ड हिन्दू फेडरेशन की मप्र इकाई एवं महाराजा अग्रसेन तीर्थ न्यास की ओर से शनिवार को नवलखा स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा की साक्षी में मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ द्वारा धार भोजशाला को सरस्वती मंदिर घोषित करने और लंदन के संग्रहालय से वाग्देवी की प्रतिमा को वापस बुलाने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हजारों नागरिकों को ठंडाई का वितरण किया गया. फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं केके गोयल ने बताया कि भोजशाला मामले में शुक्रवार को दोपहर जैसे ही उच्च न्यायालय का फैसला आया, फेडरेशन के सैकड़ों कार्यकताओं ने पहले सयाजी चौराहे पर ढोल-ढमाकों के बीच भारत माता की जय और जय श्री राम के उद्घोष के बीच नागरिकों को मिठाई बांटकर रंगारंग आतिशबाजी भी की. शनिवार को सुबह इस उपलक्ष्य में अग्रसेन चौराहा पर भी आम लोगों को गर्मी की तपिश से राहत दिलाने और भोजशाला विवाद में हिंदुत्व की जीत के जश्न स्वरूप करीब 3 घंटे तक गुरूजी ठंडाई घोलकर लगातार वितरण किया गया. इस अवसर पर फेडरेशन की ओर से रानू अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, गोविन्द सिंघल, राजेश कुंजीलाल गोयल एवं संजय गोयल सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज एवं फेडरेशन से जुड़े लोगों ने फल एवं मिठाई का भी वितरण कर अपनी खुशियाँ व्यक्त की. फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय अग्रवाल ने इस मौके पर संकल्प व्यक्त किया कि पूरे प्रदेश में जश्न का सिलसिला जारी रहेगा.

**एक नजर** ▶ स्पीड कंट्रोल, प्रकाश व्यवस्था एवं संरचनात्मक सुधारो के माध्यम से सड़क सुरक्षा बढ़ाने पर विशेष जोर

# ब्लैक स्पॉट्स पर सड़क सुरक्षा सुदृढ़ीकरण पुलिस अधीक्षक का व्यापक निरीक्षण



**नीमच। जिले मे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात सुरक्षा को ओर अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा जिले के राजकीय राज्य मार्ग-31 सहित विभिन्न चिहिन्त ब्लैक स्पॉट्स का विस्तृत निरीक्षण किये जाने का आदेश थाना प्रभारी यातायात को दिया गया ।**

यह निरीक्षण अभियान जिले मे बढ़ती सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं संवेदनशील स्थलो पर आवश्यक सुरक्षा उपायो को सुदृढ़ करने की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम रहेगा । निरीक्षण के दौरान जिले मे पूर्व से चिन्हित 02 ब्लैक स्पाट्स की समीक्षा की गई, साथ दुर्घटना संभावित को भी चिन्हित किया गया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित विभागो को निदेर्शित किया गया कि पूर्व मे किये गए परिशोधन कार्यो को ओर अधिक प्रभावी, आधुनिक एवं सुरक्षित बनाया जाए ताकि दुर्घटनाओ की संभावना न्युनतम हो सके। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिये कि प्रत्येक ब्लैक स्पॉट्स पर सड़क इंजीनियरिंग, संकेतक व्यवस्था , प्रकाश व्यवस्था तथा वाहन गति नियंत्रण के सभी आवश्यक उपायो को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाये।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संभावित दुर्घटना स्थल पर स्पीड ब्रेकर निर्माण एवं हाई मास्क लाईट लगाई जाने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया , जिससे रात्रि कालीन दुर्घटनाओ मे कमी लाई जा सके। जावद फंटा, भड़भड़िया फंटा, मालखेड़ा फंटा, जेतपुरा फंटा, भाटखेड़ा फंटा पर निर्मित स्पीड ब्रेकर को ओर अधिक प्रभावी बनाने , यातायात नियंत्रण को बेहतर करने तथा पूरे क्षेत्र को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित तिराहे के रूप मे विकसित करने के निर्देश भी दिए गये। इसी क्रम मे चल्दु ग्राम कट आंफ पाइंट, सकरग्राम पुलिया मोड़ पर विशेष सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जिससे इन अत्यधिक आवागमन वाले क्षेत्रो मे वाहन गति नियंत्रित की जा सके ओर आमजन एवं स्थानिय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो, इसके अतिरिक्त हर्कियाखाल फंटा, भंवरासा फंटा क्षेत्र मे सडंक दुर्घटनाओ की रोकथाम के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, प्रभावी स्पीड कंट्रोल उपाय एवं अन्य संरचनात्मक सुधारो को तत्काल लागु करने हेतु संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये ।

> पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासनिक दायित्व नही, बल्कि जन सहभागिता से ही पूर्ण रूप से सफल हो सकती है। इसी उद्देश्य से आमजन से अपील की गई कि वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा का पालन करे , यातायात नियमो का पूर्णत: अनुसरण करे , हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करे तथा सड़क सुरक्षा के प्रति सदैव सजग रहे। निरीक्षण के दौरान एम.पी. आर.डी. सी. के असिस्टेंट जनरल मैनेजर राहुल बरडे, जनरल मेनेजर जावरा-नयागांव टोल कम्पनी प्रभुलाल मेघवाल, थाना प्रभारी यातायात सोनु बडगुजर उपस्थित रहे।